**<u>विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के द्वितीय शुक्रवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सं0-06 का उत्तरालेख।</u>**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि ग्रामसभा-उदईपुर(पूर्वी), पोस्ट -सरोसा, ब्लॉक-गोंदलामऊ, थाना-मछरेहटा, तहसील-मिश्रिख,जनपद -सीतापुर गाटा संख्या-673 /0-312 हे0 स्थित को नापने के सम्बन्ध में ग्रामवासियों का प्रार्थना-पत्र दिनांक 04 अप्रैल, 2022 को तहसीलदार-मिश्रिख को दिया था ? | जी नहीं। ग्रामसभा उदईपुर (पूर्वी) पोस्ट-सरौसा विकासखण्ड गोंदलामऊ, थाना मछरेहटा तहसील मिश्रिख, जनपद सीतापुर की गाटा संख्या 673/0.312हे0 को नापने के सम्बन्ध में दिनॉक 04 अप्रैल, 2022 को ग्रामवासियों द्वारा दिया गया प्रार्थना-पत्र तहसीलदार मिश्रिख के कार्यालय अभिलेखों में दर्ज होना नहीं पाया गया। प्रश्नगत गाटे में वर्तमान खतौनी के अनुसार कुल 08 सहखातेदार है जिनके बीच भूमि का कोई विधिक विभाजन नहीं हुआा है। उक्त भूमि संक्रमणीय भूमिधरी की भूमि है जिसकी पैमाईश/सीमांकन राजस्व संहिता-2006 की धारा 24 के अन्तर्गत नियमानुसार आवेदन देकर करायी जा सकती है। |
| (ख) यदि हॉ, तो उक्त प्रार्थना-पत्र पर तहसीलदार द्वारा दिनांक 05 अप्रैल- 2022 के सम्बन्धित लेखपाल को जांच करके कार्यवाही करने के आदेश दिये गये थे ? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ग) यदि हॉ, तो क्या उक्त आदेश का पालन किया गया ? | उपर्युक्तानुसार। |
| (घ) उक्त आदेश का पालन न करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने तथा आदेश का पालन करायेंगे ? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ड़) यदि नहीं, तो क्यों ? | उपर्युक्तानुसार। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री।